दिनांक 05 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में बिजली ऑफिस के पास शासकीय जमीन पर कर रहा था अवैध कब्जा , निगम ने किया बेदखल

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है! इसी क्रम में जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने कुरूद बिजली ऑफिस एवं आंध्रा स्कूल के पास दो अलग-अलग स्थानो पर अवैध निर्माण को ध्वसत करने की कार्यवाही करते हुए स्थल को कब्जा मुक्त कराया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण , अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारी/कर्मचारियों को शामिल करते हुए विशेष दस्ता का गठन किया है जो ऐसे कार्य करने वालों पर नजर रखते हुए तथा शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही कर रहे है। जोन 02 सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने बताया कि वैशाली नगर जोन आयुक्त पूजा पिल्ले के निर्देश पर तोड़फोड़ की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। वार्ड 17 स्टील नगर आंध्रा स्कूल के पीछे एक व्यक्ति द्वारा नाली पर अवैध निर्माण कर नाली निकासी को बाधक बना रहा था! पहले भी शिकायत मिलने पर जोन की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को बंद कराया था परंतु पुनः निर्माण की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने आज तोड़फोड़ की कार्यवाही कर नाली को कब्जा मुक्त कराया ताकि पानी निकासी में कोई बाधा न आए। इसी प्रकार हाउसिंग बोर्ड एरिया के बिजली ऑफिस से लगे हुए शासकीय जमीन पर सुरेश के द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था , जोन 02 के राजस्व विभाग की टीम ने उक्त व्यक्ति द्वारा बनाए गए निर्माण को ध्वस्त करते हुए समझाईश दी कि दोबारा शासकीय जमीन पर कब्जा करने की कोशिश न करे अन्यथा उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान राजस्व विभाग से मदन तिवारी , एचएस भटठी, रामरतन टंडन, गुप्तानंद तिवारी, जवाहर चंद्राकर, अरूण सिंह, कन्हैया, चैतराम, खेमलाल, लालू सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे

जनसम्पर्क अधिकारी